

# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 476, वर्ष 38

राँची, 30 अप्रैल,2014

## शौर्य समारोह–सह–सम्मान समारोह का आयोजन

विगत 01 अप्रैल को शौर्य समारोह के अवसर पर मुख्यालय के 'विचार हॉल' में सभी 12 क्षेत्रों को कार्य निष्पादन में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वित्तीय वर्ष 2013–14 की समाप्ति पर सीसीएल ने 50.023 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर इतिहास रचा है। सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं निदेशक(तकनीकी/संचालन), श्री टी के नाग, निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र एवं निदेशक (वित्त) श्री डी के घोष ने क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधकों/महाप्रबंधकों एवं कर्मियों को संबोधित कर उनकी हौसला आफजायी की।




कर्मियों को संबोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

अवसर विशेष पर उपस्थित जेसीएससी के सदस्य सर्वश्री कन्हैया दुबे, कुमार महेश सिंह, गिरिजा शंकर पांडे, एम डी विश्वकर्मा, अशोक यादव, ललन प्रसाद सिंह, एस एन झा, हरिशंकर सिंह, पी के दत्ता ने सभी क्षेत्रों से आये 10–10 कर्मवीरों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया।

इसके साथ ही उत्कृष्ट कोयला उत्पादन में ढोरी क्षेत्र को प्रथम, कथारा क्षेत्र को द्वितीय एवं हजारीबाग को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। ओवरबर्डेन निष्कासन में ढोरी को प्रथम, कुजू को द्वितीय एवं हजारीबाग क्षेत्र को तृतीय पुरस्कार दिया गया जबकि प्रेषण में कुजू, हजारीबाग एवं ढोरी को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मार्च महीने में सर्वाधिक कोयला उत्पादन के लिए पिपरवार क्षेत्र को पुरस्कृत किया गया। उपरोक्त पुरस्कार संबंधित क्षेत्रों के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधकों ने ग्रहण किया।इसके साथ ही वैसे परियोजनाओं को जिन्होंने लक्ष्य से अधिक उत्पादन किया उन्हें विशिष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया जबकि लक्ष्य एवं पिछले वर्ष की तुलना से अधिक उत्पादन करने वाले परियोजनाओं को अति विशिष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन पूरे सीसीएल वृहद परिवार के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। अनेक बाधाओं एवं कठिनाइयों के बावजूद आप सभी के सम्मिलित प्रयास से कम्पनी ने योजनाबद्ध तरीके से 50.023 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 2.00 मिलियन टन अधिक है। सितम्बर माह तक कम्पनी का उत्पादन लक्ष्य से 28 लाख टन अधिक हो चुका था लेकिन अक्टूबर माह में तूफान, वर्षा एवं अन्य कठिनाइयों के कारण उत्पादन में कमी आयी। किन्तु हमारे कर्मियों ने जोश/बल और शौर्य दिखाते हुए 50.023 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया, इसका सारा श्रेय हमारे कर्मवीरों को जाता है। इसमें मुख्यालय का भी सक्रिय योगदान रहा। उन्होंने कहा कि अपने कमांड क्षेत्र के ग्रामीण बंधु भी सीसीएल वृहद परिवार के अहम सदस्य हैं और उनकी समस्याओं का निदान करना हमारा कर्तव्य है क्योंकि वही ग्रामीण बंधु हमें कोयला उत्पादन के लिए जमीन देते हैं। वित्तीय वर्ष 2014–15 में कम्पनी को 56.00 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं 58.5 मिलियन टन कोयला प्रेषण का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि आप सभी के सकारात्मक सहयोग एवं बुलंद इरादे को देखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि हम सभी इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।



विजयी कर्मियों को पुरस्कृत करते सीएमडी एवं जेसीएससी सदस्य

श्री टी के नाग, निदेशक (तक/संचालन) ने पूरे सीसीएल कर्मियों को कम्पनी की इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज शौर्य–सह–सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बेहतर निष्पादन करनेवाले कर्मवीरों, परियोजनाओं, क्षेत्रों को सम्मानित किया गया। पिछले कई वर्षों से हम 50 मिलियन टन उत्पादन नहीं कर पा रहे थे लेकिन हमने वर्ष 2013–14 में अनेक विपरित परिस्थितियों के बावजूद 50.023 मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन कर यह एहसास करा दिया कि हमारे कर्मियों में निपुणता, क्षमता और दम है।

श्री आर आर मिश्र, निदेशक (कार्मिक) ने क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए विषम परिस्थिति में भी उनकी इस उपलब्धि के लिए पूरे सीसीएल परिवार को बधाई दी।

श्री डी के घोष, निदेशक (वित्त) ने भी कम्पनी की इस उपलब्धि के लिए पूरे सीसीएल परिवार की हौसला आफजायी की और बधाई दी।

समारोह को महाप्रबंधक, पिपरवार श्री प्रभाकर चौकी, महाप्रबंधक, ढोरी श्री चरण सिंह एवं महाप्रबंधक, कथारा श्री के के मिश्रा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के पूर्व अमर शहीद स्मारक में दिवंगत कोयला श्रमिकों को सीएमडी तथा निदेशकों एवं जेसीएससी के सदस्यगण और अन्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुरस्कार वितरण के बाद मुकुन्द नायक एवं पार्टी और अन्य कलाकारों ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## सीसीएल के सीएमडी पुरस्कृत



श्री गोपाल सिंह, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, सीसीएल

विगत 15 फरवरी को 'इंडियाज ग्रेटेस्ट.कम' द्वारा मुम्बई स्थित होटल 'ताज लेन्डस इंड' में 'द ग्रेटेस्ट कॉरपोरेट लीडर्स ऑफ इंडिया एवार्ड' आयोजित किया गया था जिसमें जूरी के सदस्यों एवं बोर्ड सदस्यों ने सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह को उनकी नई सोच एवं कम्पनी के विकास में उल्लेखनीय योगदान हेतु ट्राफी एवं साइटेशन के साथ 'द ग्रेटेस्ट कॉरपोरेट लीडर्स ऑफ इंडिया' एवार्ड से सम्मानित किया।

## सीसीएल में सरहुल महोत्सव का आयोजन

मुख्यालय स्थित 'विचार मंच' में विगत 29 अप्रैल को सरहुल पूर्व संध्या का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सीएमडी श्री गोपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

श्री सिंह ने जोहार के साथ उपस्थित सभी को सरहुल पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सीसीएल वृहद परिवार के सभी सदस्य एवं कलाकार बंधु जिस उत्साह एवं उल्लास के साथ सरहुल पूर्व संध्या का आनंद मना रहे हैं, मैं कामना करता हूं कि वर्ष भर आप सभी के जीवन में इसी प्रकार उत्साह एवं आनन्द बना रहे। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा है। वृक्ष हमें सिर्फ फल–फूल ही नहीं देता बल्कि जीवन में इसका अनन्त महत्व है। उन्होंने आनेवाली पीढ़ी के लिए पेड़ पौधे लगाने का आह्वान किया और कहा कि पेड़ लगायें और धरा बचायें। उन्होंने समस्त झारखंडवासियों के साथ आयोजकों को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।




सरहुल पूर्व संध्या में परम्परागत नृत्य संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

कार्यक्रम की शुरूआत बिगु उरांव एवं पार्टी के अनादि प्रार्थना, प्रवचन एवं भजन से हुई। सीसीएल सरना समिति के अध्यक्ष श्री सहदेव बांडो ने सरहुल पर्व की महत्ता एवं विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल समस्त समाज को आपसी भाईचारा, अमन एवं सुख शांति का संदेश देता है।

मानवता में विश्वास नहीं खोना चाहिए। मानवता एक सागर की तरह है। अगर कुछ बूंद खराब हैं तो पूरे सागर को गंदा नहीं कहा जा सकता। – महात्मा गाँधी

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)